कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांकः- 19/09/2024

विषयः- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा थाना क्षेत्र के व्यापारी बंधुओं के साथ थाना कोतवाली प्रांगण में बैठक आयोजित की गयी।

आज दिनांक- 19.09.2024 को थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने कोतवाली क्षेत्र के विशेश्वरगंज व्यापार मण्डल, काशी किराना व्यापार मण्डल, लोहटिया व्यापार मण्डल व अन्य व्यापारी बंधुओं के साथ एक मीटिंग का आयोजन थाना कोतवाली प्रांगण में किया गया। जिसमें सभी व्यापारी बंधू शामिल थे। प्रभारी निरीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र में होने वाले आयोजनो/त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने में व्यापारी बन्धुओं के सहयोग हेतु धन्यवाद दिया गया तथा आगामी त्यौहार/दशहरा/नवरात्रि दुर्गापूजा को लेकर आगे की रणनीति बनायी गयी तथा त्यौहार में आने वाली समस्याओ व उसके निराकरण को लेकर वार्तालाप किया गया। जनपद में टोटो हेतु बनाया गया जोन से अवगत कराते हुए बिना आवश्यकता के दुकान के सामने मालवाहक/आटो/टोटो को न खड़ा करने व रोड पर किये गये अतिक्रमण को हटाने दुकान को दुकान तक सीमित रखने व सुरक्षा के दृष्टिगत जहां पर कैमरा लगने की आवश्यकता है वहां पर कैमरा लगाने हेतु उनसे वार्ता किया गया तथा आगंतुकों की सही आईडी, मोबाइल नंबर, वाहन का नंबर, साथ आने वालों की सही जानकारी और उनकी आईडी सभी का रिकार्ड रखने के लिए कहा गया है। साथ ही लोगो के साथ ऑनलाइन होने वाले साइबर अपराध के बारे में बताते हुए सतर्क रहने व किसी भी प्रकार की लालच में न आने व ऐसी कोई सूचना मिलने पर तुरंत सम्बन्धित पुलिस चौकी, थाना या साइबर हेल्प डेस्क में सूचना देने की बात बताई गयी एवं यातायात व्यवस्था भी ठीक रहे व सभी अपनी दुकानो के बाहर अतिक्रमण न करे। इस बीच थाना प्रभारी ने अन्य और भी कई महत्वपूर्ण आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिनमें से प्रमुख इस प्रकार है–

1. मण्डी में आटो / टोटो का अन्दर दुकानों तक आना-जाना बंद हो व बिना काम के दुकान के सामने खड़े रहकर जाम लगाने वाले वाहनों के सम्बन्ध में सम्बन्धित पुलिस चौकी पर सूचना करने के सम्बन्ध में बताया गया।
2. रोड पर व्यापारियों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने व उसका समुचित प्रबन्ध करने के सम्बन्ध में वार्ता लाप किया गया ।
3. महामृत्युंजय रोड पर जाम की समस्या को लेकर वार्ता जिसमें व्यापरियों द्वारा माल की लोडिंग के नाम पर दिन भर वाहन को रोड पर खडे रखना व दर्शनार्थियों को लेकर महामृत्युंजय मंदिर व काल भैरव मंदिर पर आने वाले आटो-टोटो का रोड के किनारे खडी करके चले जाने के सम्बन्ध में वार्ता।
4. आपरेशन दृष्टि के तहत व्यापारी सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता व जहां पर आवश्यक है वहा पर उच्च क्वालिटी के कैमरे लगाने हेतु वार्ता किया गया।
5. साइबर अपराध से जागरुक किया गया जिसमें पारिवारिक सदस्य को पुलिस द्वारा पकड लेने की सूचना व अन्य इमोशनली ड्रामा के तहत पैसे का ट्रांसफर कराने के सम्बन्ध में सूचना मिलने पर पुलिस को अवगत कराना व कोई भी पैसे का ट्रांसफर किसी भी अंजान व्यक्ति को न करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।
6. प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान जैसे अतिक्रमण व टोटो चलने के सम्बन्ध में जारी दिशा निर्देश से अवगत कराया गया।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।